मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

राँची, दिनांक– **19.02.2020**

★माँ भद्रकाली से झारखंडवासियों के चेहरे पर मुस्कान हेतु आशीर्वाद मांगा... हेमन्त सोरेन
==========================

विज्ञप्ति संख्या- 198/2020

माँ भद्रकाली मंदिर, ईटखोरी
==========================

★माँ भद्रकाली के चरणों में पुष्प अर्पित कर..मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने तीन धर्मों के आस्था का केंद्र पावन चतरा की धरा ईटखोरी में तीन दिवसीय राजकीय ईटखोरी महोत्सव -2020 का उद्घाटन किया
====================

★यहां बोलना ही संगीत और चलना ही नृत्य है

★मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा अपनी परंपराओं के साथ आगे बढ़े

...हेमन्त सोरेन, मुख्यमंत्री, झारखण्ड

इटखोरी/चतरा
==================

झारखण्ड का बोलना ही संगीत और चलना ही नृत्य है। झारखण्ड की धरा में सिर्फ खनिज ही नहीं, बल्कि यह धर्म स्थली के रूप में भी जाना जाता है। यहां के धार्मिक स्थलों में इतिहास की कई कहानियां छिपी हैं। झारखण्ड की परंपरागत व्यवस्थाओं, सांस्कृतिक विरासत के साथ अलग पहचान है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कही। मुख्यमंत्री बुधवार को चतरा के ईटखोरी स्थित माँ भद्रकाली मंदिर परिसर में आयोजित राजकीय ईटखोरी महोत्सव के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे।

यह सौभाग्य है मैं पुनः यहां आया

मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ दिन पूर्व ही माँ भद्रकाली के दर्शन का अवसर मिला था। माँ ने फिर से मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर दिया है। यह मेरा सौभाग्य है। चतरा में स्थित मां कौलेश्वरी मंदिर के विकास को लेकर सरकार कार्य करेगी। सरकार का प्रयास है कि आने वाले समय में झारखण्ड धार्मिक स्थल के रूप में भी जाना जाए। मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा अपनी परंपराओं के साथ नित्य आगे बढ़े।

चतरा के विकास को प्राथमिकता मिले

मंत्री श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण श्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा है कि आज से महोत्सव का शुभारंभ हो रहा है ये हर्ष का विषय है। चतरा स्थित तमसीन में भी इस तरह के समागम का आयोजन होना चाहिए। जहां बिहार और झारखण्ड के लोग जुटते हैं। चतरा पिछड़ा जिला है। राज्य सरकार चतरा के विकास को प्राथमिकता दे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने ईटखोरी की सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करने वाली पुस्तक का विमोचन, शिक्षाविद श्री विद्यानंद झा, पदमश्री मधु मंसूरी हंसमुख को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री को उपायुक्त चतरा ने स्मृति चिन्ह और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

पदमश्री मधु मंसूरी हंसमुख ने उद्घाटन कार्यक्रम में "झारखण्ड की धरती से निकली है आवाज...परसाथनाथ की चोटी से उठी है आवाज" गीत प्रस्तुत किया। उपायुक्त चतरा ने स्वागत संबोधन किया।

उपस्थिति

इस अवसर पर मंत्री श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण श्री सत्यानंद भोक्ता, चतरा सांसद श्री सुनील कुमार सिंह, बरही विधायक श्री उमाशंकर अकेला, सिमरिया विधायक श्री किशुन कुमार दास, पद्मश्री मधु मंसूरी हंसमुख, जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती ममता देवी, आयुक्त उतरी छोटानागपुर श्री अरविंद कुमार, डीआईजी श्री पंकज कम्बोज, उपायुक्त चतरा श्री जितेंद्र कुमार सिंह, निदेशक कला संस्कृति विभाग श्री दीपक कुमार शाही, उप विकास आयुक्त चतरा श्री मुरली मनोहर प्रसाद, पुजारी माँ भद्रकाली मंदिर श्री नागेश्वर तिवारी व अन्य उपस्थित थे।
###
===================
#Team PRD(CMO/Chatra)